(1400/ASA/RBN)

1401 बजे

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

प्रो. सौगत राय (दमदम): माननीय अध्यक्ष जी, मैंने एडजर्नमेंट मोशन दिया है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन में मैं कुर्सी पर नहीं बैठा हूं। उसके पहले माननीय सदस्य आप बोलने लगे। मुझे पहले बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा) : दादा, स्पीकर सर को बोलने दीजिए। फिर आप बोलिए।…(व्यवधान)

संविधान दिवस के बारे में उल्लेख

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज संविधान दिवस है और पूरा देश इस संविधान दिवस को बड़ी श्रद्धा के साथ मना रहा है। संविधान के प्रति हमारी गहरी आस्था भी है और विश्वास भी है क्योंकि संविधान का निर्माण भी इसी संसद ने किया था और इसी संसद के केन्द्रीय कक्ष में इस संविधान के निर्माण पर चर्चा हुई और आज खुशी है कि पूरे विश्व में भारत का संविधान और लोकतंत्र एक मजबूत लोकतंत्र है।

स्थगन प्रस्ताव के बारे में

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषय पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, क्योंकि आज संविधान दिवस था, इसलिए सदन की कार्यवाही दो बजे से शुरु की। कल जब आप चर्चा करेंगे तब आपका विषय अंकित होगा तो निश्चित रूप से इस पर व्यवस्था दी जाएगी।

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE
Ninth Report

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): I beg to present the Ninth Report of Business Advisory Committee.

RE: INTRODUCTION OF BILLS

HON. SPEAKER: Item No. 2.

… (*Interruptions*)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): I have a point of order. I may refer to 19B of Directions by the Speaker: It says:

> "No Bill shall be included for introduction in the list of business for a day until after copies thereof have been made available for the use of members for at least two days before the day on which the Bill is proposed to be introduced:"

सर, इस पर आपसे बार-बार चर्चा हुई है,…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, मेरा आपसे आग्रह है कि कौन से दो बिल आपने बताये हैं?

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): माननीय अध्यक्ष जी, सर, दादरा और नगर हवेली है और राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली(अप्राधिकृत कालोनी निवासी संपत्ति अधिकार मान्यता) है, दोनों में से एक ही हो रहा है। दोनों में होना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आज अनऑथोराइज वाला विषय तो पहले इंट्रोड्यूस हो गया।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, जो यह मुद्दा लाये हैं, राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली (अप्राधिकृत कालोनी निवासी संपत्ति अधिकार मान्यता) विधेयक, 2019 और दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्रों का विलयन विधेयक, 2019 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2019 इत्यादि ये बड़े महत्वपूर्ण बिल लाये हैं।

माननीय अध्यक्ष : मैं व्यवस्था दे रहा हूं। हरदीप सिंह पुरी जी पहले इंट्रोड्यूस कर दें।

NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI (RECOGNITION OF PROPERTY RIGHTS OF RESIDENTS IN UNAUTHORISED COLONIES) Bill

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI HARDEEP SINGH PURI): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide special provisions for the National Capital Territory of Delhi for recognising the property rights of residents in unauthorised colonies by securing the rights of ownership or transfer or mortgage in favour of the residents of such colonies who are possessing properties on the basis of Power of Attorney, Agreement To Sale, Will, possession letter or any other documents including documents evidencing payment of consideration and for the matters connected therewith or incidental thereto.

(1405/RAJ/SM)

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

"कि राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली की अप्राधिकृत कालोनियों के निवासियों के पक्ष में, जो मुख्तारनामा, विक्रय करार, वसीयत, कब्जा पत्र या किन्ही अन्य दस्तावेजों, जिनके अंतर्गत प्रतिफल संदाय के साक्ष्य के दस्तावेज सम्मिलित हैं, के आधार पर ऐसी कालोनियों में संपत्तियों पर कब्जा रखते हैं, ऐसी अप्राधिकृत कालोनियों में निवासियों के संपत्ति अधिकारों का स्वामित्व अधिकार सुनिश्चित करके या अंतरण या बंधक द्वारा मान्यता प्रदान करने के लिए विशेष उपबंधों का और उससे संबंधित या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, माननीय मंत्री जी जो बिल सदन में लाए हैं, हम उस बिल के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जिस तरह से यह लाया जा रहा है, सदन को उपेक्षित किया जा रहा है और खास बात यह है कि आपके डायरैक्शन के बाद लाया जाता है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : रूलिंग के अंदर यह लिखा हुआ है, अगर आप इसे आगे पढ़ेंगे तो इसमें लिखा है कि 'अध्यक्ष अगर अन्यथा'। आप इसे पूरा पढ़ें।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, यह जो आर्ग्युमेंट दे रहे हैं, इसमें कहीं दम नहीं है। यह सिर्फ हम लोगों को डिनाई करने का तरीका है।…(व्यवधान) …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)

माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन चौधरी जी, आप एक मिनट शांत हो जाइए। मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहूंगा कि हम ने यह बिल 23 तारीख, शनिवार को प्रचालित कर दिया था, सभी को भेज दिया था। शनिवार और रविवार दो दिन बिलों के लिए रहता है और इसके लिए दो दिन पर्याप्त समय दे दिए गए हैं। मैंने आपके लिए व्यवस्था दे दी है, बिल इंट्रोड्यूस किया जाए।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, आप यह चेयर से बोल रहे हैं, इसलिए हम हिम्मत करके बोलने के लिए सदन में खड़े होते हैं। सर, बिल्कुल आपके चेयर का डायरैक्शन है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं व्यवस्था कर रहा हूं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

> “कि राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली की अप्राधिकृत कालोनियों के निवासियों के पक्ष में, जो मुख्तारनामा, विक्रय करार, वसीयत, कब्जा पत्र या किन्ही अन्य दस्तावेजों, जिनके अंतर्गत प्रतिफल संदाय के साक्ष्य के दस्तावेज सम्मिलित हैं, के आधार पर ऐसी कालोनियों में संपत्तियों पर कब्जा रखते हैं, ऐसी अप्राधिकृत कालोनियों में निवासियों के संपत्ति अधिकारों का स्वामित्व अधिकार सुनिश्चित करके या अंतरण या बंधक द्वारा मान्यता प्रदान करने के लिए विशेष उपबंधों का और उससे संबंधित या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।”

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI HARDEEP SINGH PURI: I introduce the Bill.

दादर और नागर हवेली तथा दमण और दीव (संघ राज्यक्षेत्रों का विलयन) विधेयक

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से माननीय अमित शाह जी की ओर से प्रस्ताव करता हूं:

> “कि दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्रों के विलयन और उससे संबंधित मामलों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।”

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

> “कि दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्रों के विलयन और उससे संबंधित मामलों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।”

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री जी. किशन रेड्डी: माननीय अध्यक्ष महोदय जी, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

औद्योगिक संबंध संहिता के बारे में

माननीय अध्यक्ष : आइटम नम्बर – 4, श्री संतोष कुमार गंगवार जी।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, यह सबसे बड़ा मुद्दा है, आप इसे कैसे बुला सकते हैं?…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं इस पर आपको व्यवस्था दूंगा।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, विपक्ष की आपत्ति को मानते हुए, आप इस विधेयक को कल पुर:स्थापित करें।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, दो दिनों का समय दीजिए। यह बड़ा बिल है।…(व्यवधान)

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सभी विराजें।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो, सुरेश जी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने आपको दो दिन की व्यवस्था दी है। ये दो दिन कल हो जाएंगे, इसलिए आप नया विषय क्रिएट नहीं करें। मैंने आपको दो दिनों की व्यवस्था दी है। मैंने कहा है कि मंत्री जी इसको कल इंट्रोड्यूस करेंगे। मैंने आपकी व्यवस्था को मान लिया है।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, कहां दो दिन हुए?…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने कल के लिए कहा है। माननीय सदस्य, आप बुलेटिन में देखिए। आप ऐसा क्यों करते हैं?

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): यह इतना बड़ा बिल है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इतने बड़े विषय हैं, इसलिए मैंने आपकी बात को मानते हुए।

…(व्यवधान)

श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): सर, मुझे कोई आपत्ति नहीं है, जो आपका आदेश है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, मैंने व्यवस्था दे दी है। आप कल बिल को इंट्रोड्यूस करेंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अभी स्टैंडिंग कमेटी की चर्चा नहीं कीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : दादा को भी बोलने देंगे या आप ही केवल बोलेंगे।

…(व्यवधान)

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर): अध्यक्ष महोदय, यह बहुत बड़ा बिल है, बहुत बड़ा विषय है। इस बिल को स्टैंडिंग कमेटी को भेजना चाहिए।…(व्यवधान) आज ही उनको एनाउंस करने के लिए बोलिए।

श्री संतोष कुमार गंगवार : अध्यक्ष महोदय, यह बड़ा बिल है और स्टैंडिंग कमेटी के पास पूरी चर्चा के लिए भेजना चाहते हैं।

माननीय अध्यक्ष : आपको पूरे दो दिनों का समय इसे पुर:स्थापित करने के लिए दिया जाएगा, उसके बाद इस पर डिबेट की जाएगी।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): आप इसे स्टैंडिंग कमेटी में भेजना चाहते हैं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अभी डिबेट नहीं कीजिए। मैंने आपको आज्ञा नहीं दी है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने किसी को आज्ञा नहीं दी है।

…(व्यवधान)

(1410/VB/AK)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): माननीय अध्यक्ष महोदय, यह दुखद विषय है कि आपका निर्देश वह नहीं सुन रहे हैं। श्री सुदीप जी जो आग्रह कर रहे हैं, …(व्यवधान) वह प्रसंगहीन है और मंत्री जी जवाब दे रहे हैं, वह आज ही स्टैंडिंग कमेटी में भेज रहे हैं।…(व्यवधान) महोदय, इस तरह से कैसे सदन चलेगा? …(व्यवधान) यह कल पेश होगा, उसके बाद ये विरोध करेंगे, उसके बाद यह स्टैंडिंग कमेटी में जाएगा।…(व्यवधान) यह क्या सिलसिला चल रहा है? …(व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): It is our right to ask for information from the Government. …(*Interruptions*) Why are you objecting to it? …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: आप आपस में डिबेट मत कीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि सदन में आप लोग आपस में डिबेट न करें। मैंने कई बार कहा है, अगर इस सदन को सुचारू रूप से चलाना है, तो आप आपस में चर्चा न करें। न इनको इजाज़त है, न आपको इजाज़त है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: संसदीय कार्य मंत्री जी, आप क्या बोलना चाहते हैं?

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): सर, जैसा कि मंत्री जी ने कहा, यह ऑलरेडी सर्कुलेट हो चुका है। हम इसे स्टैंडिंग कमेटी में भेज रहे हैं। …(व्यवधान) आप क्यों बात करते हो? …(व्यवधान) हम स्टैंडिंग कमेटी में भेज रहे हैं। इसलिए मेरी रिक्वेस्ट यह है…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैंने एक बार व्यवस्था दे दी है कि यह दो दिन बाद इंट्रोड्यूस होगा, उस समय डिबेट करेंगे कि इसे स्टैंडिंग कमेटी में भेजना है या नहीं भेजना है। हर बिल को स्टैंडिंग कमेटी में भेजने का सिस्टम न डाला करें। सदन चलने दें। हर बिल स्टैंडिंग कमेटी में जाएगा, तो सदन के अंदर…

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, यह बहुत बड़ा बिल है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: उस समय चर्चा कर लेंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: उस समय आपकी आपत्ति सुनेंगे।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): आपत्ति की बात नहीं है सर।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: उस समय आपकी आपत्ति सुनेंगे। सदन का जो विचार होगा, उसको माना जाएगा।

…(व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, I thank you for your observation. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, 377 से संबंधित मामलों को मैं उठाने की इजाज़त देता हूँ। सभी माननीय सदस्य 377 से संबंधित विषय सदन में पढ़ सकते हैं।

डॉ. जय सिधेश्वर महास्वामीजी।

नियम 377 के अधीन मामले

Re: Need to approve the proposal of Punyashlok Ahilyadevi Holkar University in Solapur, Maharashtra for construction of swimming pool and multipurpose hall

डॉ. जय सिधेश्वर महास्वामीजी (सोलापुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र महाराष्ट्र के सोलापुर शहर में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 1 अगस्त, 2004 को हुई है तथा इसका उद्घाटन 3 अगस्त, 2004 को महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल मोहम्मद फजल के करकमलों द्वारा हुआ है। इसके पूर्व इसे सोलापुर विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता था।

इस विश्वविद्यालय को डिजिटल विश्वविद्यालय कहा जाता है। इस विश्वविद्यालय में समाज शास्त्र, पदार्थ विज्ञान शास्त्र, पर्यावरण शास्त्र, शिक्षण शास्त्र और गणित शास्त्र ऐसे छह विभाग हैं। सामाजिक शास्त्र विभाग में पत्रकारिता का भी समावेश है। इस विश्वविद्यालय का केवल सोलापुर जिले के लिए ही निर्माण हुआ है। यह एक विशेष बात है।

इस विश्वविद्यालय की मालिकाना जमीन 527 एकड़ है तथा 1 लाख 25 हजार छात्र इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस विश्वविद्यालय से जिले के 110 कॉलेज संबद्ध हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार के खेल मंत्रालय की तरफ एक प्रस्ताव द्वारा 'खेलो इंडिया' योजना के अंतर्गत स्वीमिंग पूल तथा मल्टीपर्पज हॉल के लिए धनराशि की मांग की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु इन प्रस्तावों को मंत्रालय द्वारा धनराशि देने हेतु उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

(इति)

(1415/PC/SPR)

Re: Regarding Registration of Migrant Workers.

श्री चुन्नी लाल साहू (महासमुन्द) : अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य से प्रति वर्ष लाखों की तादाद में श्रमिक उत्तर प्रदेश के ईंट-भट्ठों में कार्य करने अपने छोटे बच्चों के साथ जाते हैं।

महोदय, संविधान में प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार है कि देश के किसी भी हिस्से में अपनी आजीविका चलाने के लिए वे जा सकते हैं। श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीयन न होने के कारण मजदूरों को दुर्घटना/जनहानि की मुआवजा राशि नहीं मिल पाती। कई भोले-भाले मजदूर अपनढ़ होने के कारण भटक जाते हैं। अनेकों मजदूर बंधक बना लिए जाते हैं। जैसे मेरे ही विकास खंड बागबहारा के ग्राम मूंनगासेर में कई व्यक्तियों की बाहर मृत्यु हुई। ऐसी अनेक घटनाएं हुई हैं।

अत: केन्द्रीय श्रम मंत्री जी से मेरा निवदेन है कि छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग को मजदूरों के पंजीयन कराने हेतु निर्देश पारित करें। पंजीयन हो जाने से मजदूर दुर्घटना, जनहानि का मुआवजा पाने के हकदार हो सकेंगे। मजदूरों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिलेगा। साथ ही स्वास्थ्य हेतु चिकित्सालयों में नि:शुल्क उपचार भी होगा।

इसके साथ ही रेल मंत्री जी से भी गुज़ारिश है कि श्रमिकों के घर वापसी हेतु मई-जून के महीने में एक-एक सप्ताह स्पेशल ट्रेन प्रयागराज से रायपुर, छत्तीसगढ़ चलाई जाए, जिससे मजदूर अपने घर सकुशल वापस आ सकें। धन्यवाद।

(इति)

Re: Need to set up a Trauma Centre in Raigarh Parliamentary Constituency, Chhattisgarh.

श्रीमती गोमती साय (रायगढ़) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रायगढ़ में पूर्व शासन द्वारा ट्रॉमा सेन्टर की स्वीकृति की गई थी। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, चाहे धरमजयगढ़ हो या जशपुर हो, वह ग्रामीण इलाका है और वहां जनजातीय समाज के लोग निवास करते हैं।

ट्रॉमा सेन्टर, धरमजयगढ़ और जशपुर के लिए निहायत जरूरी है। वहां 300-400 किलोमीटर दूर हमारे निकटतम राज्य झारखंड में रांची में जाना पड़ता है। ऐसी जगह के लिए ट्रॉमा सेन्टर बहुत ही आवश्यक है। जैसे बिलासपुर और रायपुर में तो बहुत सारे प्राइवेट हॉस्पिटल्स हैं, जिनके द्वारा बहुत सारा उपचार किया जा सकता है, लेकिन जशपुर और धरमजयगढ़ एक ऐसा क्षेत्र है, जहां ट्रॉमा सेन्टर की सख्त जरूरत है। यह मेरा आपके माध्यम से मंत्री महोदय जी से निवेदन है। धन्यवाद।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि 377 में जो आपने लिखकर दिया है, उसी को सदन में पढ़ना पड़ता है।

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल।

Re: Need to ensure completion of Bhavnagar-Somnath National Highway in Gujarat.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : थैंक-यू, सर।

हमारे हिन्दू शास्त्र में जो ज्योतिर्लिंग बताया गया है, उसमें से एक ज्योतिर्लिंग हमारे यहां सोमनाथ में है। हमारी सालों की डिमांड थी कि मेरी कांस्टिट्यूएंसी भावनगर से सोमानाथ के लिए एक नेशनल हाईवे बनाया जाए। इसके लिए हमने पूर्व में बहुत सारे आंदोलन भी किए। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्रभाई मोदी साहब के आने के बाद यह राष्ट्रीय राजमार्ग मंजूर भी किया गया और हमारे माननीय मिनिस्टर नितिनभाई गडकरी ने खुद आकर उसका शिलान्यास भी किया।

अध्यक्ष जी, वर्ष 2017 तक यह मार्ग पूरा होना था, लेकिन वर्ष 2019 तक, अभी भी इस मार्ग का कोई ठिकाना नहीं है। जिन पांच पोर्शन्स में यह मार्ग बंटा है, उसमें से कहीं वह 60 परसेंट बना है। तलाजा से आगे तो सिर्फ 15-20 परसेंट ही यह मार्ग बना है। वहां आगे कुछ भी नहीं हो रहा है, जिससे लोगों को बहुत ही दिक्कतें हो रही हैं। यह राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होने की वजह से स्टेट गवर्नमेंट भी इसमें कुछ नहीं कर रही है। रोड भी काफी खराब हैं।

अध्यक्ष जी, दूसरी मुश्किल यह है कि जो छोटे-छोटे ठेकेदार हैं, उनके जो पैसे हैं, जो बिल हैं, वे भी अभी तक नहीं निपट रहे हैं। लोगों को बहुत परेशानी हो रही है और आवागमन में भी बहुत ही परेशानी हो रही है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि हमारे यहां भावनगर-सोमानाथ नेशनल हाईवे को जल्द से जल्द पूरा करवाने की कृपा की जाए। धन्यवाद।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं फिर आग्रह कर रहा हूं। अगर आप पढ़कर नहीं बोलेंगे तो मुझे पढ़कर बोलना पड़ेगा।

विनोद सोनकर जी।

(1420/KDS/UB)

Re: Need to provide social security benefits to beedi workers in Pratapgarh district, Uttar Pradesh

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): महोदय, बीड़ी उद्योग मुख्य रूप से एक ग्रामीण आधारित श्रम गहन उद्योग है, जो मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश, उड़ीसा जैसे इत्यादि राज्यों में एक बड़ी संख्या में श्रमिकों को रोजगार प्रदान करता है। इन श्रमिकों में कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अल्पसंख्यक इत्यादि शामिल हैं, जो समाज के सबसे कमजोर वर्गों में से हैं।

केन्द्र सरकार ने बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि अधिनियम, 1976 के अन्तर्गत बीड़ी श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के उपायों की व्यवस्था की है। लेकिन, अभी भी उनके परिवार के सदस्यों को आवास, शैक्षिक, सामाजिक सुरक्षा, मातृत्व लाभ आदि का विस्तार किए जाने के साथ-साथ उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, मॉडल कैरियर सेन्टर, ई.एस.आई.सी. हॉस्पिटल जैसी कल्याणकारी सुविधाएं सुलभ कराने की नितांत आवश्यकता है।

अत: मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद प्रतापगढ़ की तहसील कुंडा में बीड़ी श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को उपरोक्त सभी सुविधाएं प्रदत्त किए जाने हेतु आवश्यक पहल करे।

(इति)

Re: Need to release the balance funds for construction of under-construction bridge on river Yamuna in Etawah parliamentary constituency, Uttar Pradesh

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र इटावा के विधान सभा सिकन्दरा, ग्राम बेहमई, जिला-कानपुर देहात में वर्ष 2009-10 में यमुना नदी पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से लगभग 53 करोड़ रुपये की लागत से सेतु के निर्माण कार्य का प्रस्ताव स्वीकृत

किया गया था जिसमें शासन द्वारा सिर्फ 49 करोड़ की स्वीकृति हुई, जिसमें 29 पिलर बनाकर निर्माण कार्य किया जा चुका है। बाद में आईआईटी, कानपुर के इंजीनियरों के द्वारा निरीक्षण करने के बाद सेतु की लम्बाई 5 पिलर और बढ़ा दी गई जो मेरे लोक सभा क्षेत्र की तरफ आता है। साथ ही दोनों तरफ सड़क बनाने का भी निर्णय किया गया जिसकी कुल लागत 17 करोड़ रुपये बताई गई तथा पूर्व में स्वीकृत लागत का भी 4 करोड़ रुपये शेष था। कुल 21 करोड़ रुपये अभी सरकार के द्वारा स्वीकृत होने हैं। सरकार द्वारा शेष बची राशि की स्वीकृति न होने के कारण यमुना नदी पर बनने वाला सेतु अभी वैसे ही निर्माणाधीन अवस्था में है, जिसके कारण मेरे लोक सभा क्षेत्र के लोगों को जालौन जाने के लिए 50 कि.मी. घूम कर जाना पड़ता है और कुछ लोग नाव के माध्यम से आते-जाते हैं, जिससे उनको काफी कठिनाइयां होती हैं। इस सेतु के बन जाने से कानपुर देहात से जालौन जाने वाले लाखों लोगों को सुविधा हो सकेगी।

अत: मेरी सरकार से मांग है कि यमुना नदी पर बन रहे निर्माणाधीन सेतु को पूर्ण करने के लिए शेष बची राशि को स्वीकृत किया जाए, जिससे निर्माणाधीन सेतु को पूर्ण किया जा सके।

(इति)

Re: Need to expedite construction of Khajuraho-Singrauli railway project in Madhya Pradesh

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र खजुराहो-सिंगरौली रेलवे लाइन का काम पूर्ण होने से इसका सीधा लाभ मेरे क्षेत्र को मिलेगा किन्तु खजुराहो-सिंगरौली रेलवे लाइन का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है तथा किसानों को इसका मुआवजा भी अभी तक नहीं मिला है एवं इसमें कई प्रकार की विसंगतियाँ भी हैं। कई सालों से काम अपूर्ण है। सतना से पन्ना तक काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है तथा पन्ना से खजुराहो का काम प्रारंभ ही नहीं हुआ है।

इस परियोजना में किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे में भी अनियमितताएँ हैं। अत: महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूँ कि किसानों को मिलने वाले मुआवजे की विसंगतियों को दूर किया जाये तथा साथ ही साथ खजुराहो-सिंगरौली रेलवे लाइन का काम शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

(इति)

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): धन्यवाद अध्यक्ष जी, अभी श्री विष्णु दत्त शर्मा जी ने जो विषय उठाया है, मैं उस विषय के साथ अपने-आप को सम्बद्ध करना चाहती हूं, क्योंकि यह विषय मेरे क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

माननीय अध्यक्ष: थैंक्यू, श्री रवि किशन जी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: रीति पाठक जी, क्या आपको कुछ बोलना है?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपने यह क्यों बोला कि आपको सम्बद्ध करना है। आप अपना विषय बोलिए।
श्रीमती रीती पाठक (सीधी): अध्यक्ष जी, वह भी बहुत महत्वपूर्ण विषय है।
माननीय अध्यक्ष: आपने एसोसिएट करने के लिए बोला है। 377 में एसोसिएशन नहीं होता है।

(1425/MM/SNT)

Re: Need to provide adequate funds for development of Dubri Sanjay Tiger Reserve in Madhya Pradesh

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यावरण मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी के अंतर्गत धौहनी विधान सभा में स्थित दुबरी संजय टाइगर रिजर्व बाघों का प्राकृतिक निवास स्थान है एवं पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र भी है। विदित है कि सर्वप्रथम सफेद शेर यहीं देखा गया था परंतु पर्यटकों हेतु मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोगों का रुझान व आकर्षण एक उच्च श्रेणी का पर्यटन स्थल एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण होने के बावजूद भी नहीं हो पाता, जिस कारण क्षेत्र व पर्यावरण दोनों का विकास अवरुद्ध है।

अत: मैं आपसे आग्रह करती हूं कि पर्यावरण एवं क्षेत्र के विकास को दृष्टिगत रखते हुए यहां मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं सम्पूर्ण बाघ आरक्षित क्षेत्र को विकसित करने हेतु पर्याप्त बजट दुबरी संजय टाइगर रिजर्व को उपलब्ध कराने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to set up a National School of Drama in Gorakhpur parliamentary constituency, Uttar Pradesh

श्री रवि किशन (गोरखपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर पूर्वांचल का प्रमुख शहर है जो उत्तराखंड, बिहार एवं झारखंड के करीब है। गोरखपुर की युवा पीढ़ी जो कला के प्रति जागरुक है और कला के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाना चाहती है, लेकिन यहां की युवा प्रतिभा स्थानीय स्तर पर कोई प्रशिक्षण प्राप्त करने में असमर्थ है। प्रदेश स्तर पर कई रंगमंच हैं जो स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित करती हैं। यू.पी. एवं बिहार तथा झारखंड की करोड़ों लोगों की आबादी है जिसमें लगभग 50 लाख युवा कला एवं साहित्य के प्रति रूचि रखते हैं। परन्तु कला को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्तर पर कोई संस्थान नहीं होने के कारण युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। महोदय, अगर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में हो जाएगी तो स्थानीय युवाओं तथा पूर्वांचल के अन्य जिले, इसके साथ ही बिहार तथा झारखंड राज्य के युवा भी कला एवं साहित्य के गुण इस संस्थान से प्राप्त कर सकते हैं। अभी इस तरह के प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए दिल्ली एवं पुणे जाना पड़ता है।

अत: मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में एक एन.एस.डी. (राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय) की स्थापना की जाए जिससे यहां के युवाओं को लाभ हो सके।

(इति)

Re: Setting up of solar power plant in Jalaun district, Uttar Pradesh

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला जालोन में यूपीनेडा के माध्यम से एक 70 मेगावाट के सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना हेतु चयनित संयुक्त उद्यमी कंपनी द्वारा लगाने के लिए अधिकृत किया गया है। सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए कंपनी को भूमि की आवश्यकता है। इसीलिए कंपनी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को दिनांक 30 अप्रैल, 2019 को राजस्व संहिता की धारा 90 के अंतर्गत अनुमति लेने हेतु संपूर्ण कागजात सहित प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है।

अत: मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि वायु प्रदूषण को कम करने एवं सस्ती ऊर्जा के लिए सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना के लिए उक्त कंपनी को अनुमति दिलाने का कष्ट करें जिससे यहां के किसानों को सस्ती ऊर्जा प्राप्त होगी। इससे किसान सिंचाई से लेकर अन्य ऊर्जा से संबंधित सभी कार्य आसानी से कर सकेंगे।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : श्री संतोष पांडेय – अनुपस्थित।

Re: Need to expedite construction of new railway lines in Maharashtra

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): महोदय, वर्ष 2018-19 में तीन नई रेल लाइनों अर्थात खानापुर-परली वैजनाथ, लातूर रोड –परली वैजनाथ और परली वैजनाथ-घाटनान्दूर का सर्वेक्षण किए जाने का अनुमोदन किया गया था। ट्रेनों के क्रॉसिंग, रेल इंजनों की दिशा बदलना आदि कामों में बहुत अधिक समय बर्बाद होता है। यही नहीं सम्पर्क सुविधा की दृष्टि से भी इन नई रेल लाइनों का बिछाया जाना बहुत जरूरी है। लगभग दो साल का समय बीत जाने पर अभी तक इनका सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इन लाइनों के बन जाने से इस सेक्शन में रेल यातायात बहुत सुविधापूर्ण हो जाएगी, नई रेलगाड़ियों का चलाया जाना संभव होगा तथा साथ ही साथ रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

इस सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऊपर वर्णित तीनों रेल लाइनों का सर्वेक्षण कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा करवाकर इन रेल लाइनों का निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती पूनमबेन हेमतभाई माडम – अनुपस्थित।

(1430/MM/RSG)

Re.: Need to promote amla in Pratapgarh parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): अध्यक्ष महोदय, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश के छ: विकास खंड आंवला फल पट्टी के रूप में घोषित क्षेत्र है जहां किसानों द्वारा प्रमुख रूप से आंवले की खेती की जाती है। जिनमें मंदिर/ट्रस्ट समिति द्वारा स्वयं प्रसाद चढ़ाने एवं वितरित किए जाने की व्यवस्था प्रचलन में है।

यदि इस प्रकार मंदिर/ट्रस्ट समिति द्वारा आंवले से बनने वाले उत्पाद का इस्तेमाल परम्परागत प्रसाद वितरण के साथ ही वितरित करने की व्यवस्था करा दी जाए तो एक अभिनव प्रयोग होगा और अमृत फल का भोग लगाने की सर्वथा उचित व्यवस्था होने के साथ-साथ जनपद प्रतापगढ़ में कटने के कगार पर खड़े आंवला बगान के किसानों को जीने का सहारा मिलने के साथ-साथ उद्योगविहीन जनपद प्रतापगढ़ को एक कुटीर उद्योग का सहारा मिल जाएगा।

(इति)

Re.: Need to set up bird watching park near Bhandup pumping station in Mumbai North-East parliamentary constituency, Maharashtra

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मुम्बई नॉर्थ ईस्ट के भाण्डुप पंपिंग स्टेशन के करीब प्रवासी पक्षियों का हॉट स्पॉट है यहां प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में फलेमिंगो पक्षी लगभग 6 महीने मुम्बई के भांडुप पंपिंग स्टेशन के करीब आकर रहते हैं। नवंबर के महीने में फलेमिंगों यहां आ जाते है और मई महीने तक रहते है। यह बहुत ही आकर्षक होता है और मुम्बई की जनता फलेमिंगो के आने का प्रत्येक वर्ष इंतजार करती है।

मैंने माननीय शिपिंग मंत्री महादय से निवेदन किया था कि मेरे संसदीय क्षेत्र में आने वाले भाण्डुप पंपिंग स्टेशन के पास जहां फलेमिंगो का सबसे ज्यादा आना होता है, वहां पर एक फलेमिंगो पक्षी वाचिंग पार्क बनाया जाए और इसे एक टूरिस्ट एरिया के रूप में विकसित किया जाए। इस स्थान पर फलेमिंगो पक्षी वाचिंग पार्क बनाया जाए। इसमें एक टूरिस्ट प्रकार के प्रवासी पक्षी आते हैं जैसे पर्पल हार्न, नॉर्थन पीनटेल, ब्लैकटेल गडविल, रूडी शेलडेक, ये कुछेक पक्षियों के नाम हैं जो टूरिस्ट के लिए बहुत ही आकर्षक होते हैं और यहां प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में आते हैं।

इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि भाण्डुप पंपिंग स्टेशन के पास का क्रीक एरिया जहां हजारों प्रवासी पक्षियों का निवास होता है, उसके पास फलेमिंगों बर्ड वॉच पार्क और आकर्षक टूरिस्ट स्पॉट विकसित किया जाए और शिपिंग मंत्रालय की ओर से जरूरी सहायता संबंधित विभाग को उपलब्ध करायी जाए।

(इति)

Re.: Need to take necessary measures to open a road between Tawang and Bhutan

SHRI TAPIR GAO (ARUNACHAL EAST): Sir, Bhutan is a Buddhist nation adjoining Tawang which is a Buddhist populated district of Arunachal Pradesh and home to the 400-year old and the second largest Buddhist monastery in the world as well as home to many ancient Buddhist monasteries and holy places. Thousands of Buddhist pilgrims come to pay homage and pray at the monastery and other religious places in and around Tawang and vice-versa thousands of pilgrims cross over to Tashigang in Bhutan to visit age old monasteries and stupas of which the well known is the Gorsam Thorten Stupa every year.

Since time immemorial Bhutan is having trade relations with Tawang; in olden days people from Tawang used to visit neighbouring villages in Bhutan for rice and other ration items.

Opening of road from Bhutan would enable our farmers to easily access the markets in Bhutan and Assam. Due to long journey and lack of market, the scope of agriculture and horticulture in Tawang area is unexplored.

Opening of this road would enable aged people to reunite with their relatives and close family members.

The only hindrance in commuting between the two nations is the road connectivity. On the Indian side the road has been constructed till the border which is also the last Indian post with Bhutan guarded by the SSB personnel but from the Bhutan side they have not completed it yet.

This road should be open only for socio-economic and pilgrimage and in some cases for medical emergencies only and not for any military movement which will enable the people of both the countries to exchange the rich cultural heritage they share. The Government of India should take up the matter with the Royal Government of Bhutan.

(ends)

Re. Need to address the problem of regular traffic jam on NH-31 from Siliguri to Dhupguri in West Bengal

DR. JAYANTA KUMAR ROY (JALPAIGURI): Sir, the regular traffic jam on NH-31 from Siliguri to Dhupguri particularly from Jalpaiguri to Mainaguri through Teesta bridge is a regular feature.

The NH-31 is a stretch of about 80 kilometres starting from Siliguri to Dhupguri. Currently, construction work is going on and it has been found that due to the construction work for the past few months, traffic jam is a usual phenomenon. Due to this, people using the NH-31 including the students, ambulances, patients, army buses, all are suffering a lot to reach their destination on time.

Further, NH-31 is also crucial as it connects the entire north-eastern region with West Bengal.

Considering the importance of NH-31, I would like to request the hon. Minister to kindly expedite the work to avoid any daily traffic jam on NH-31.

(ends)

(1435/RU/SJN)

Re: Setting up of Institute of Tropical Horticulture under Kerala Agricultural University.

SHRI T. N. PRATHAPAN (THRISSUR): Kerala is the major producer of tropical horticultural crops such as coconut, rubber, pepper, cardamom, ginger, banana, cocoa, cashew, arecanut, coffee and tea covering 89.5 per cent of the total cropped area. Kerala's commercial horticulture is of national importance in terms of foreign exchange earned through exports. The Vazhakkulam pineapple, Chengalik Kodan banana and Malabar pepper of Kerala have been GI tagged and are very famous. We also export large quantities of vegetables, fruits and banana, foliage and flower crops. The State also has a vast wealth of medicinal plants and the Ayurveda industry in Kerala is growing fast. Value addition in horticultural crops is another sector which requires immediate attention. Horticultural crops have improved the livelihood security of the farming community. Kerala Agricultural University is catering to the agricultural education and research in the State but focussed research, education and development on horticultural crops are lacking. It is necessary to start a separate Institute of Tropical Horticulture under Kerala Agricultural University for improving the production/productivity in horticultural crops. This will improve the food, nutritional and livelihood security of the people. The Ministry of Agriculture and Farmers Welfare may take necessary steps to start this Institute in Kerala considering the huge potential.

(ends)

Re: Construction of an Overbridge at Puduppanam-Kottakkadavu Railway Gate

SHRI K. MURALEEDHARAN (VADAKARA): Sir, I would like to raise a matter regarding the construction of an overbridge at Puduppanam-Kottakkadavu Railway Gate which is a long awaiting dream of the residents of western part of my parliamentary constituency, Vadakara. Daily, more than 80 trains are passing through this gate. The gate is kept closed for almost five hours a day. The distance between the National Highway and the Railway Gate warning point is hardly ten meters. When the gate is closed due to limitations of space, vehicles occupy most part of the National Highway Road which is already narrow

and thus, the traffic becomes a nightmare. During emergency, patients are delayed in reaching a certain specialty hospital due to frequent closure of gate causing danger to their life.

Apart from this, students going for high schools and colleges and people who are to take up trains face a lot of difficulties.

I, therefore, urge the Government to take necessary action to facilitate and construct above said overbridge at the earliest.

(ends)

Re: Promotion of tourism in Rayagada and Koraput Districts of Odisha

SHRI SAPTAGIRI ULAKA (KORAPUT): Sir, Rayagada and Koraput districts in Southern Odisha are filled with pristine and unmatched natural beauty, lush valleys, perennial rolling mountain streams, religious and historical heritage, and rich tribal culture which provide huge potential for development of tourism and job creation. Developing specific themes will attract a lot of tourists due to the exotic location and heritage. I would urge the hon. Minister of Tourism to approve a few circuits under “Swadesh Darshan Scheme” given the huge potential.

Tribal Circuit includes key destinations like Rayagada, Gunupur (Puttasingh), Bantabiri Village, Onukadelli, Machhakund, Gupteswar, Nandapur, Kunduli, Koraput, Kurli, Kolab, Kakriguma, Sunki, Paduwa, Deomali and Rathibali, etc.

Religious Circuit includes key destinations like Rayagada, Chatikona, Padmapur, Bissamcuttack, Neelabadi, Koraput, Jeypore, Gupteswar, Sunabeda, Damanjodi, Subai, Nandapur, Pedapadu, Padua, Kechela and Ramagiri Tribal Hatt, etc.

The current footfall is 50,000 and with approval, this would increase manifold. I would request the Minister of Tourism to take necessary steps and approve the same.

(ends)

(1440/KKD/SJN)

Re: Celebration of Thiruvalluvar's Birthday on 17th January as National Thiruvalluvar Day

DR. T. R. PAARIVENDHAR (PERAMBALUR): Thiruvalluvar was a unique poet and philosopher, who was born 2000 years ago. His literature by the name 'Thirukkural' is one of the unique contributions in the world. With a couplet of 1330, Thirukkural is considered to be the face and property of Tamilians.

The Thirukkural has 133 chapters each one of them having 10 couplets. Nothing is untold in this book like education, health, Government, justice, nature and so on.

If a man fully follows the advice and principles of Thirukkural, he will become a man of perfection and incomparable to anybody in the world. Our Prime Minister, nowadays, whenever he goes abroad, he gives a quote of Thirukkural. When he speaks about water, he quotes Thirukkural by saying "Neerindri Amayathu Ulagu". The book has been translated in several Indian and foreign languages like Gujarati, Bengali, Hindi, Karnataka, Malayalam, Manipuri, Oriya, Rajasthani, Sanskrit and Telugu. Also, it has been translated in Arabic, Chinese, Malai, Urdu, French, German, Italian, etc. It is the only book translated in so many languages. No other book can claim this status. As the year calculated before Christ and after Christ, in Tamil Nadu, we also calculate the year on the basis of Thiruvalluvar birth and we call it as Thiruvalluvar Andu. On 16th January, the birthday of Thiruvalluvar, Tamilians celebrate Thiruvalluvar Day. Thirukkural is not only for one language or community, it is a book for the whole world and all languages. So, I appeal to the Government of India to celebrate Thiruvalluvar's Birthday on 16th January as a National Thiruvalluvar Day.

Re: Need to frame a National Menopause Policy

SHRI D. RAVIKUMAR (VILUPPURAM): Menopausal symptoms consist of a wide range of physical and psychological elements, which include night sweats, hot flushes, loss of concentration, changes and irregularity in menstrual flow and depression. India needs a clear policy to accommodate women employees both in Government and private sector, who are going through menopause.

Hence, I would request the hon. Minister for Women and Child Development through you to frame a National Menopause policy.

(ends)

Re: Need to eradicate manual scavenging in the country

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH): Sir, in spite of the fact that it is illegal, Government officers and private agencies are increasingly employing persons as manual scavengers on daily basis across the country. People die in sewer line and septic tanks. They should be given modern equipment. The atrocious practice continues rampantly across the country causing loss of dignity and lives of *dalits*.

Hence, I would urge the Government to take immediate steps to eradicate manual scavenging and rehabilitate them.

(ends)

Re: Financial assistance to Andhra Pradesh for implementation of projects under Navaratnalu scheme

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): Sir, the Chief Minister of Andhra Pradesh came up with Navaratnalu (9 Gems) Scheme for people to avail various kinds of benefits. Navaratnalu contains:

Financial assistance to 67,500 farmers under Rythu Bharosa.

YSR Aasara: Rs. 15,000 crore would be allocated for 89 lakh DWCRA women; and they would be given loans at zero per cent interest.

(1445/RCP/GG)

YSR Cheyuta pension of Rs.2000 per month to all eligible people above 45 years.

Amma Vodi aimed to financially help students on monthly basis. Students from Class I-V are given Rs. 500; for classes VI-X are given Rs. 750; and, Intermediate students will get Rs. 1000 per month.

Housing for poor – 25 lakh houses would be constructed for poor.

Medical assistance under Arogyasri to all treatments above Rs. 1000.

Fee reimbursement for students. About Rs. 1-1.5 lakh spent every year on each student.

Jalayagnam – to complete all irrigation projects. Priority is Polavarani.

Ban on alcohol.

Since Andhra Pradesh is in precarious financial condition, the Chief Minister of Andhra Pradesh has met the Prime Minister and submitted a Memorandum to help Government of Andhra Pradesh financially to implement Navaratnalu. Andhra Pradesh CM has also requested the Government of India to take up above Navaratnalu on pilot basis in Andhra Pradesh and replicate the same all over the country.

In view of the above, I request the Government to be magnanimous towards Andhra Pradesh and provide sufficient grant to Andhra Pradesh for implementation of Navaratnalu. (ends)

Re: Need to expedite Nagpur-Nagbhid broad gauge project in Maharashtra.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): महोदय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 116 किलोमीटर नागपुर-नागभिड, नैरोगेज मार्ग को बंद करने के साथ ब्रॉडगेज में इसके रुपांतरण के लिए डेक को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना सन् 2013-14 में मंजूर की गई थी। रेल विभाग ने कहा था कि " आमान परिवर्तन पर काम दिसम्बर में शुरू होगा"। एसईसीआर के नागपुर डिवीजन के तहत 650 किलोमीटर से अधिक नैरोगेज नेटवर्क में से 116 किलोमीटर नागपुर-नागभीड एकमात्र अपग्रेडेड शेष था। रेल विभाग ने कहा कि ब्रॉडगेज का काम 21 महीनों में पूरा होने का लक्ष्य है, तब इसे बेहतर सुविधाओं के साथ यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। 1400 करोड़ रुपये की नागपुर-नागभीड ब्रॉडगेज परियोजना भारतीय रेलवे और महाराष्ट्र सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जिसमें रेलवे और राज्य 280 करोड़ रुपये साझा करेंगे, जबकि 840 करोड़ रुपये का ऋण है। जब इस परियोजना की घोषणा की गई थी, तब इसकी लागत 400 करोड़ रुपये थी। यह लाइन बनने से यात्री ट्रेनों के साथ-साथ उत्तर और दक्षिण मालगाड़ियों के लिए सीधे लिंक का विकल्प होगी। ब्रॉडगेज परियोजना मूल रूप से क्षेत्र में बिजली संयंत्रों को कोयले के परिवहन को आसान बनाने के लिए है। यह लाइन बनने से चन्द्रपुर जिले में खदानों से कोराडी और खापरखेड़ा में कंपनी के बिजली संयंत्रों को कोयले की परिवहन दूरी कम होने से रेलवे को प्रतिवर्ष 152 करोड़ रुपये की बचत होगी।

अत: अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें, जिससे छात्रों, क्षेत्रीय लोगों सहित व्यापारियों को सुविधा मिल सके।

(इति)

Re: Need to ensure time-bound supply of LPG cylinders in Gopalganj parliamentary constituency, Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में गैस सिलेंडर की उपलब्धता की कमी है। गोपालगंज एक कृषि प्रधान जिला है। यहां की आबादी लगभग 21 लाख है। हर गांव एंव घर को गैस सिलेंडर मिले, यह सरकार की एक अति महत्वपूर्ण योजना है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कमी के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि लोगों को 3-4 दिनों तक लाइन लगा कर इंतजार करना पड़ता है, फिर भी सभी को गैस सिलेंडर नहीं मिल पाता है। इस कारण कानून-व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। लोगों को मजबूर हो कर लकड़ी से खाना बनाना पड़ता है।

गरीब किसान, मजदूर एवं नौजवान का ज्यादा समय गैस जुटाने में लग जाता है। समस्या बढ़ती ही जा रही है। यदि गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाली कम्पनी समय से सप्लाई करे तो इस समस्या का निदान हो सकता है। अत: सदन के माध्यम से मैं अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में गैस सिलेंडर को समय पर सप्लाई करने के लिए आग्रह कर रहा हूँ, ताकि जनता की परेशानियों को शीघ्र दूर किया जा सके।

(इति)

(1450/SMN/GG)

Re: Review of Pension of Coal India Limited.

SHRI MAHESH SAHOO (DHENKANAL): Pension hike mechanism incorporated in the CMPS 98 under clause-22 for Review/enhancement of Pension of the Coal India Limited contributory pensioners is allegedly lying quite dead and defunct since the beginning of the scheme without making necessary fund provisions till 01-10-2017 in due compliance with the said scheme.

(ends)

Re: India's rank in Global Hunger Index.

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM): India is at the 102nd spot among 117 countries in the Global Hunger Index (GHI) that was released by Ireland-based Concern Worldwide, an aid agency. The country's ranking is eight spots below Pakistan (94) and 14 below Bangladesh (88). GHI uses indicators such as undernourishment, child stunting, child wasting and child mortality to calculate the levels of hunger and under-nutrition worldwide, and India's score of 30.3 means it suffers from a level of hunger that is 'serious'.

There are two aspects of the 2019 GHI report that should worry the Government. One, India has the highest child wasting rate of any country (20.8%). Second, the child stunting rate is 37.9%. (ends)

Re: Bilateral talk of N.D.F.B and Government of India.

श्री नबा कुमार सरनीया (कोकराझार): महोदय, एनडीएफबी के साथ सरकार की वार्ता चल रही है जहां नॉन बोड़ो विभिन्न जिले से करीब 500 गांवों को शामिल करने की योजना चल रही है। बीटीसी समझौता होने के समय वहां के रहने वाले नॉन बोडो लोगों के लिए सम-अधिकार तथा उनके संवैधानिक अधिकार सुरक्षित रखने की बात हुई थी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि उनके सभी अधिकार छीन लिए गए, इसलिए बीटीसी के लोग अपने गांव को अलग करने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। यह अनदेखी कर के अगर कोई नया समझौता होगा तो बीटीसी की हालत बिगड़ेगी, क्योंकि सन् 2014 में हमारे चुनाव लड़ने से पहले बीटीसी में हजारों लोग मारे गए, लाखों लोग बेघर हुए और लोगों के बीच आपस में टकराव की स्थिति अभी भी बरकार है। अभी तक छात्र नेताओं के हत्यारों को कोई सजा भी नहीं हुई।

(ends)

(1455/KN/MMN)

माननीय अध्यक्ष : श्री बदरुद्दीन अजमल – उपस्थित नहीं।

श्रीमती पूनमबेन हेमतभाई माडम।

Re: Need to provide adequate compensation to farmers who suffered loss of crops due to heavy rains in Jamnagar Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्रीमती पूनमबेन हेमतभाई माडम (जामनगर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे लोकप्रिय प्रधान मंत्री जी किसानों के जीवन स्तर को सुधारने एवं उसको ऊंचा उठाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री किसानों की आय को वर्ष 2022 तक दोगुना करने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए सरकार ने किसानों के हित में कई योजनाओं की शुरुआत की है। किसानों द्वारा उपयोग होने वाले उपकरणों, बीज, खाद एवं सिंचाई की लागतों को कम किया गया है। नीम कोटेड यूरिया एवं प्रधान मंत्री आयुष्मान कार्ड योजना द्वारा किसानों के लिए कार्य किए गए हैं। माननीय मोदी जी के नेतृत्व में आय को दोगुना करने के लिए प्रयत्नशील हैं, फिर भी समग्र सौराष्ट्र क्षेत्र में हर बार फसल बीमा योजना को लेकर किसानों में असंतोष दिखाई पड़ता है। इस बार भी गुजरात राज्य सरकार ने राहत पैकेज घोषित कर दिया है, परन्तु बीमा कम्पनियां जिस तरह से सर्वे करती हैं, उससे किसानों को समुचित भुगतान नहीं दिया जाता है। इस बार भी इस तरह की शिकायतें एवं फरियाद हमें प्राप्त हो रही हैं। प्रधान मंत्री ने कई फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है, परन्तु माननीय प्रधान मंत्री जी के इस शुभ कार्य में प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कम्पनियों की पॉलिसी एवं उनके कामकाज से किसानों को देश में प्राकृतिक आपदा से हुई फसल नुकसान की भरपाई समुचित ढंग से नहीं हो रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र जामनगर, द्वारका एवं मोरवी में अतिवृष्टि से किसानों की फसल को बहुत नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है एवं उनके परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक दशा काफी दयनीय हो गई है।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि माननीय प्रधान मंत्री जी के किसानों की आय को दोगुना करने के संकल्प को पूरा करने के लिए बीमा कम्पनियों की मोनोपॉली को समाप्त किया जाए। बीमा कम्पनी के मनमाने सर्वे पर रोक लगाई जाए और हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया जाए, जिससे किसानों को हुए नुकसान का पूरा अंदाजा लगाया जा सके एवं किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा पूरा मिले। इसके लिए सरकार को ठोस एवं मजबूत कदम उठाना चाहिए, जिससे हम वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना कर सकें।

(इति)

माननीय अध्यक्ष : संसदीय कार्य मंत्री।

प्रो. सौगत राय (दमदम): मैडम, अच्छा पॉइंट बोल रही हैं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : लेकिन नियम प्रक्रिया से।

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष महोदय, आइटम नंबर 7, द नेशनल इंस्टीट्यूट डिजाइन (अमेंडमेंट) बिल, 2019 है, मैं रिक्वेस्ट करता हूँ कि इसको पहले ले लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : आज सदन दो विधेयक लेगा। कल का पूरा काम आज करना पड़ेगा।

श्री अर्जुन राम मेघवाल : ठीक है साहब। हम तैयार हैं।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री सोम प्रकाश जी।

(1500/VR/CS)

NATIONAL INSTITUTE OF DESIGN (AMENDMENT) BILL

1500 hours

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI SOM PRAKASH): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to amend the National Institute of Design Act, 2014, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

HON. SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill to amend the National Institute of Design Act, 2014, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

1500 hours

SHRIMATI KIRRON KHER (CHANDIGARH): Hon. Speaker, Sir. I thank you for giving me this opportunity to speak on the National Institute of Design (Amendment) Bill, 2019.

